अंबाला ज़िले के बड़ौला में स्थित सरकारी स्कूल का नाम होगा शहीद करनैल सिंह या उनकी पत्नी के नाम पर

चर्चा में क्यों?

28 सितंबर, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राज्य के अंबाला ज़िले के बड़ौला गाँव में स्थित मिडिल स्कूल का नाम शहीद करनैल सिंह बेनिपाल या उनकी पत्नी चरणजीत कौर के नाम पर रखने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत ने चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि गोवा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से जाने वाली सड़क का नाम गोवा की आज़ादी के लिये अपने प्राणों का बलिदान देने वाले हरियाणा के शहीद करनैल सिंह बेनिपाल के नाम पर रखा जाएगा।
- मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत शहीद करनैल सिंह बेनिपाल की पत्नी श्रीमती चरणजीत कौर से अंबाला ज़िले के बड़ौला गाँव में मिले तथा उन्हें गोवा सरकार की तरफ से प्रशस्ति-पत्र और 10 लाख रुपए का चेक दिया।
- डॉ. प्रमोद सावंत ने कहा कि गोवा की आज़ादी के लिये शहादत देने वाले ज्ञात और अज्ञात शहीदों की याद में गोवा के पतरादेवी में शहीदों की याद में मेमोरियल बनाया जा रहा है। पतरादेवी के सरकारी स्कूल में शहीद करनैल सिंह बेनिपाल का स्टैच्यू भी बनाया गया है।
- अंबाला के विधायक असीम गोयल ने कहा की बड़ौला पंचायत दोनों में से जिसके नाम का प्रस्ताव पास करेगी, उसी के नाम पर स्कूल का नाम रखा जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/government-school-located-in-barola-of-ambala-district-will-be-named-after-shaheed-karnail-singh-or-his-wife